संख्याः- 77 /2023/4093/छिहत्तर-1-2023-30सम/2020टी0सी0

प्रेषक

डा0 अम्बरीष कुमार सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 29 नवम्बर, 2023

**विषयः 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत प्रदेश के विन्ध्य/ बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कतिपय जनपदों में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की पुनरीक्षित लागत के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का तीव्र गति से क्रियान्वयन कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत विन्ध्य एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विभिन्न जनपदों में पाइप पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विरचित विभिन्न पाइप पेयजल योजनाओं का पूर्व में वित्त व्यय समिति से अनुमोदन के उपरान्त ऐसी योजनायें, जिनकी परियोजना लागत रू0 200.00 करोड से अधिक थी, पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किया गया था। सम्प्रति उक्त योजनाओं के क्रियान्वयन की कार्यवाही गतिमान हैं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपद-बांदा एवं विन्ध्य क्षेत्र के जनपद सोनभद्र एवं मीरजापुर की कुल 05 निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं का पुनरीक्षित प्राक्कलन विरचित करने के उपरान्त अन्यान्य कारणों से लागत में वृद्धि हुई है। तदन्तर व्यय वित्त समिति की विभिन्न बैठकों में विन्ध्य / बुन्देलखण्ड क्षेत्र की सतही स्रोत आधारित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित की जा रही ऐसी योजनाएं, जिनकी पुनरीक्षित लागत रू0 200.00 करोड से अधिक है, पर अनुमोदन प्रदान करते हुए पुनरीक्षित लागत पर सक्षम स्तर के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की गयी।

2- अतएव उपर्युक्त वर्णित स्थिति के परिप्रेक्ष्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बुन्देलखण्ड/ विन्ध्य क्षेत्र के जनपद-बांदा, सोनभद्र एवं मीरजापुर की निम्नलिखित 05 सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजनाएं, जिनकी पुनरीक्षित मूल्यांकित लागत रू0 200 करोड से अधिक है, में निहित व्यय के प्रस्ताव पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है:-

(धनराशि लाख रूपये में)

| क्र.सं. | जनपद का नाम | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | आच्छादित होने वाले ग्रामों की संख्या | व्यय वित्त समिति द्वारा पूर्व में अनुमोदित लागत | व्यय वित्त समिति द्वारा पुनरीक्षित अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बांदा | महुआ, बबेरू, बडोखरखुर्द एवं तिंदवारी | अमलीकौर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | 177 | 81429.10 | 87934.68 |
| 2 | सोनभद्र | दुदधी तथा म्योरपुर | अमावर पुनरीक्षित ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | 65 | 17111.39 | 23765.38 |

ओ०त०

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | मीरजापुर | हलिया एवं लालगंज | अहुंगीकला पुनरीक्षित ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | 161 | 26237.86 | 32828.28 |
| 4 | मीरजापुर | जमालपुर धौहा एवं नारायनापुर | गोथौरा एवं धौहा पुनरीक्षित ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | 367 | 58273.29 | 60773.81 |
| 5 | मीरजापुर | राजगढ | तलार ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना | 84 | 17963.28 | 20344.83 |

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त पाइप पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समस्त अपेक्षित अग्रेतर कार्यवाहियां समयबदध रूप से शीर्ष प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

25.11.23

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
उप सचिव

संख्याः-77/2023/4093(1)/छिहत्तर-1-2023-30सम/2020टी0सी0 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, मा0 जल शक्ति मंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4. अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. गोपन अनुभाग-1 के अशासकीय पत्र संख्या- 4/ 2 /17/2023-सी0एक्स0(1) दिनांक 28 नवम्बर, 2023 के क्रम में।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ओम 29/11/2023

(ओम प्रकाश चौहान)
अनु सचिव।